## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–25.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से राजनीति में आने की अपील की, विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए सकारात्मक रूप से शामिल होने का किया आह्वान।
2- आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा–अंतरिक्ष के क्षेत्र में सुधार से युवाओं को हुआ काफी फायदा।
3- केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों ने सुनिश्चित पेंशन वाली एकीकृत पेंशन योजना का किया स्वागत।
4- राज्य सरकार ने सभी अस्पतालों में मंकी पॉक्स को लेकर पांच बेड आरक्षित रखने के दिए निर्देश।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात में युवाओं से राजनीति में आने की अपील की और कहा कि ऐसा होने पर देश और मजबूत होगा। श्री मोदी ने कहा कि युवा राजनीति में आना चाहते हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए युवाओं से सकारात्मक रूप से शामिल होने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा किए सुधार कार्यक्रमों से युवाओं को काफी फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जिससे विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा और पूरा देश तिरंगा अभियान इस बार अपनी पूरी ऊंचाई पर रहा। उन्होंने कहा कि देश के कोने– कोने से इस अभियान से जुड़ी अद्‌भुत तस्वीरें सामने आई।

प्रधानमंत्री ने आम लोगों को बारिश के इस मौसम में सावधानी बरतते हुए कैच दि रेन अभियान, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान और फिट इंडिया मूवमेंट की भी याद दिलाई।

*********************

सरकारी कर्मचारियों ने सुनिश्चित पेंशन वाली एकीकृत पेंशन योजना का स्वागत किया है। कर्मचारियों ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए संयुक्त सलाहकार मशीनरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की। सरकारी कर्मी संगठन के संयुक्त सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने सरकार के एकीकृत पेंशन योजना के फैसले की सराहना की।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी।

इसके अलावा, कर्मचारी के देहान्त के बाद परिवार पेंशन साठ प्रतिशत कर दी गई है। न्यूनतम 10 वर्ष की नौकरी के बाद सेवानिवृत्त होने पर कम से कम दस हज़ार रूपए पेंशन की गारंटी होगी। इस योजना से लगभग 23 लाख सरकारी कर्मियों को लाभ होगा। यह योजना अगले वर्ष की पहली अप्रैल से लागू होगी।

*********************

प्रधानमंत्री ने कहा है कि एकीकृत पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों की मर्यादा और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होगी। सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण और सुरक्षित भविष्य के प्रति वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि विज्ञान धारा से युवाओं में नवाचार और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहन मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और नियोजन संबंधी जैव–प्रौद्योगिकी आधारित नीति से जैव–विनिर्माण में देश की क्षमता बढेगी। इससे वैज्ञानिक, औद्योगिक और सामाजिक प्रगति को बढावा मिलेगा।

*********************

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराकर तथा बड़े उद्योगों की आपूर्ति श्रृंखला बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। नई दिल्ली में श्री गोयल ने कहा कि इस तरह से बड़े उद्योगों और कारोबारियों के लिए उपभोक्ता तथा आपूर्तिकर्ता के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

*********************

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि आने वाले दिनों में उनकी पार्टी झारखंड में भी चुनाव लड़ेगी। श्री पासवान आज रांची स्थित बिरसा मुंडा हवाई अड्डे

पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड मजबूती से विकास की राह पर आगे बढ़े, इसके लिए उनका मंत्रालय हर संभव कोशिश करेगा।

*********************

रामगढ़ जिले में पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़ी संख्या में पौधारोपण किया जा रहा है।

*********************

राज्य सरकार ने सभी अस्पतालों में मंकी पॉक्स को लेकर पांच बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबू इमरान ने मंकी पॉक्स की रोकथाम, जांच और इलाज के लिए देवघर स्थित एम्स समेत राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों को निर्देश जारी किया है।

********समाप्त*************